दिन–रविवार दिनांक– 29 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि दुनिया भर में पेट्रोल और डीज़ल का संकट बढ़ रहा है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मौजूदा समय चुनौतीपूर्ण है क्योंकि भारत की ऊर्जा ज़रूरतों के एक बड़े हिस्से की पूर्ति पश्चिम एशिया से ही होती है। उन्होंने कहा कि विश्व समुदाय के साथ भारत के संबंधों, तमाम देशों से मिल रहे सहयोग और पिछले दशक में भारत के अभ्युदय के कारण देश इस परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हुआ है। श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि कोविड काल की तरह, मौजूदा संकट से भी भारत उबर जाएगा।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में लाखों भारतीय रहते हैं। उन्होंने एक करोड़ से अधिक भारतीयों को हर तरह की सहायता देने के लिए खाड़ी देशों को धन्यवाद दिया और लोगों से अपील की कि वे सामूहिक रूप से इस चुनौती का मुक़ाबला करें। श्री मोदी ने कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे के राजनीतिकरण से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के हित का मामला है और इसमें स्वार्थगत राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि इस मामले में अफ़वाह फैलाने वाले लोग देश को नुक़सान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से अफ़वाहों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान करते हुए कहा कि लोगों को केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करना चाहिए।

————————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही जल संरक्षण के प्रति नये सिरे से प्रतिबद्धता व्यक्त करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में जल संचय अभियान से लोगों में व्यापक जागरूकता आई है और देशभर में लगभग पचास लाख कृत्रिम जल संचयन केंद्र बनाए गए हैं। जल संकट से निपटने के लिए अब प्रत्येक गांव में सामुदायिक स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। श्री

मोदी ने जन–भागीदारी से जल संरक्षण संबंधी कुछ प्रेरणादायक उदाहरण भी साझा किए।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव देश के हर कोने में देखा जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से पूर्वोत्तर के कई क्षेत्रों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने लोगों से सौर ऊर्जा क्रांति में शामिल होने और दूसरों को भी इससे जोड़ने का आग्रह किया। अंत में, प्रधानमंत्री ने लोगों से अपने आसपास की प्रेरणादायक कहानियां साझा करते रहने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इन संदेशों के कारण भी दूर–दराज के लोग मन की बात को उत्साहपूर्वक सुनते हैं।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने वार्षिक मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बोर्ड कार्यालय में आज परीक्षा परिणाम जारी किया। उन्होंने बताया कि कुल इक्यासी दशमलव सात–नौ प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। परिणामों में छात्राओं ने बाजी मारी है। वैशाली के चौड़ाही उच्च माध्यमिक विद्यालय की सबरीन परवीन और जमुई के सिमुलतला, आवासीय विद्यालय की पुष्पांजलि कुमारी ने संयुक्त रूप से सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। पहले पांच टॉपरों में तेरह विद्यार्थी शामिल हैं। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि चार लाख तैंतालीस हजार सात सौ तेईस परीक्षार्थियों ने फर्स्ट डिविजन में परीक्षा पास की है। श्री आनंद ने बताया कि इस वर्ष टॉपर्स को मिलने वाली सम्मान राशि बढ़ा दी गयी है। अभ्यर्थी बोर्ड की बेवसाइट रिजल्ट डॉट बिहार बोर्ड ऑनलाइन डॉट ओआरजी पर परिणाम देख सकते हैं।

———————————————————————————

पर्यटन और कला संस्कृति मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि राज्य में दो सौ सत्तासी सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इन महोत्सव के माध्यम से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पौराणिक और धार्मिक विरासतों को संरक्षित करने का प्रयास जारी है। औरंगाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि स्थानीय कलाकारों को उचित मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजन बेहद उपयोगी है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर, किशनगंज, सुपौल, भभुआ और शेखपुरा समेत राज्य के विभिन्न भागों में हल्की बारिश दर्ज की गयी। वहीं, किशनगंज के कुछ इलाकों में तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ उखड़ जाने से यातायात प्रभावित हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर आंधी–बारिश के साथ वज्रपात की आशंका है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।